27. शुक्ल जी का बहुआयामी व्यक्तित्व एवं सारस्वत कर्तव्य
**डॉ. एम.एस. जायसवाल** 129
28. शिक्षा और साहित्य के प्रहरी– प्रो. रामनारायण शुक्ल 131
**डॉ. तरु तिवारी**

29. स्व. रामनरायण शुक्ल जी विचारों के पक्के थे
**श्री सगराम चन्द्रवंशी** 134
30. विविध विशेषताओं के विद्यापुंज पं. रामनारायण शुक्ल जी
**श्री धर्मेन्द्र शर्मा** 137
31. पंडित रामनारायण शुक्ल- एक व्यक्तित्व
**डॉ. रेणु नायर** 139
32. स्मृति शेष :-परम् श्रद्धेय श्री रामनारायण शुक्ल जी
**डॉ. श्रीमती दुर्गा बाजपेयी, डॉ. श्रीमती शारदा दुबे** 141
33. नींव का पत्थर
**डॉ. सुरुचि मिश्रा** 144
34. श्री रामनारायण शुक्ल जी 'महाविद्यालय के आधार स्तम्भ'
**डॉ. आर.एन. यादव** 146
35. पुस्तकालय विकास में पं. रामनारायण शुक्ल का योगदान
**श्री शैलेन्द्र कुमार तिवारी** 148
36. श्री रामनारायण शुक्ल जी की स्मृति में
**प्रो. स्नेहलता मिश्रा** 150
37. स्वर्गनिधि श्री रामनारायण शुक्ल जी की स्मृति में समर्पित दोहा-दशक
**श्री महेश राठौर 'मलय'** 152
38. डॉ. रामनारायण शुक्ल सर से जुड़ी स्मृतियाँ
**डॉ. ऊर्जा रंजन सिन्हा** 153
39. स्मृति पटल में- पं. रामनारायण शुक्ल
**डॉ. (श्रीमती) सुनीता यादव** 155
40. पं. रामनारायण शुक्ल का जौहरी रूप
**श्री देवधर महंत** 157
41. शिक्षा के लिए समर्पित व्यक्तित्व- पं. रामनारायण शुक्ल जी
**श्री अशोक कुमार पटेल** 164
42. पं. रामनारायण शुक्ल 'मेरी यादों के झरोखे से'
**डॉ. आशुतोष पाण्डेय** 167
43. स्व. प्रो. रामनारायण शुक्ला जी को सादर श्रद्धांजलि
**श्री दाताराम प्रजापति** 169
44. संतति धरणि धरत सिर रेणू
**श्री लोकेश कुमार वर्मा** 171

45. स्व. पं. रामनारायण शुक्ल 'स्मृति के झरोखे से'
**श्री अर्जुनसिंह ठाकुर** 174
46. मेरे प्रेरणा स्रोत पंडित रामनारायण शुक्ल
**प्रो. अर्चना सिंह ठाकुर** 177
47. 'No' CAN BE ADORABLE
**Dr. Shubhraja Pandey** 179
48. स्वभाव और सुदर्शन व्यक्तित्व के धनी पं. रामनारायण शुक्ल जी
**श्री मनीष साहू** 180
49. धरातल के महाकवि प्रो.रामनारायण शुक्ल
**श्री जय कुमार साहू** 182
50. बंदऊँ गुरु पद पदुम परागा : पं. रामनारायण शुक्ल स्मृति विशेष
**श्री मनोज कुमार साहू** 187
51. परम् पूजनीय पं. रामनारायण शुक्ल जी की स्मृति
**श्री राजकुमार यादव** 190
**परिशिष्ट-1**
**प्रकाशित साहित्य** 191
मेरी अमेरिका यात्रा 191
विषय प्रवेश 221
विप्र महाविद्यालय की कड़वी मीठी यादें 223
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र 229
**परिशिष्ट-2**
छायाचित्रों में प्रो. रामनारायण शुक्ल जी की स्मृतियाँ 232
**परिशिष्ट-3**
महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियाँ और कार्यक्रम 233



2.

# युग पुरुष, महान शिक्षाविद् एवं ज्ञान ऋषि पं. रामनारायण शुक्ल एवं डी.पी. विप्र महाविद्यालय : इतिहास एवं विकास

डॉ. अंजू शुक्ला

श्रद्धावान लभते ज्ञानम् विप्र महाविद्यालय के आदर्श वाक्य हैं। ज्ञान के प्रति समर्पण एवं श्रद्धा का भाव ही ज्ञान पथ पर अग्रसर करने में अहम् भूमिका निभाता है। जिज्ञासु व्यक्ति ही ज्ञानी होता है। शिक्षण संस्थाओं में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रम सहगामी क्रिया कलापों, ज्ञान और विचारों के आदान–प्रदान, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों का व्याख्यान, शैक्षणिक भ्रमण, विज्ञान मेला, साहित्यिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम का छात्र मन एवं व्यक्तित्व पर व्यापक प्रभाव होता है।

1969 में लक्ष्मणेश्वर शिक्षण समिति के अन्तर्गत बिलासपुर में स्नातक महाविद्यालय की रात्रिकालीन महाविद्यालय के रूप में स्थापना हुई। ये 107 छात्रों से प्रारंभ हुआ। यह महाविद्यालय आज एक विशाल बरगद का स्वरूप ले चुका है। अपनी स्थापना के 52 वीं वर्षगाँठ में 5000 छात्र समूहों के साथ अनुशासन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोधवृत्ति स्वरूप मस्तिष्क, चरित्र, व्यक्तित्व निर्माण, निष्काम सेवाभाव, सद्गुणों एवं मानवीय मूल्यों की साधना ही जिनका लक्ष्य बन चुका है। नैक से "ए" ग्रेड प्राप्त ऐसे शिक्षण संस्था के विकास में तीन व्यक्तित्व का सहयोग अविस्मणीय है। महाविद्यालय की नींव की ईंट से लेकर स्वर्णकलश तक चमकने वाले तीनों व्यक्तित्व के बिना डी.पी. विप्र महाविद्यालय की विकास यात्रा अधूरी है। इतिहास पुरुष पंडित रामनारायण शुक्ल डी.पी. विप्र महाविद्यालय के प्रथम कुशल शिल्पी है। अनगढ़ मिट्टी के समान महाविद्यालय को अपने व्यक्तित्व एवं संघर्षरूपी कार्यशाला से आपने मजबूत ईटों में ढाला और इस शिक्षा मंदिर को गढ़ा। अपनी कर्मठता, परिश्रम सजगता, पराक्रम, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों से विकास पथ पर अग्रसित करने के साथ ही एक सुन्दरता भी प्रदान की है।

जांजगीर जिले के अन्तर्गत तुलसी ग्राम की गोद में 30 मई 1928 को रामनारायण शुक्ल जी का पंडित द्वारिका प्रसाद शुक्ल के ज्येष्ठ पुत्र के रूप



16.

# डी.पी. विप्र महाविद्यालय समूह के शिल्पी सरल, सहज और सौम्य हृदय के धनी पं. रामनारायण शुक्ल जी के साथ मेरी स्मृतियाँ

डॉ. विमल कुमार पटेल

22 जुलाई 1983 का वह दिन मुझे आज भी याद है जब मैं इस महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक भूगोल पद हेतु आवेदन पत्र लेकर आया था। मुझे बताया गया श्री नाग बाबू के पास आवेदन पत्र जमा करना है। मैं पोर्च के पास बैठा था तभी बिना स्टेपनी वाली स्कूटर में एक एकदम गोरे, काले बाल वाले व्यक्ति सफेद हॉफ–शर्ट, नीली फुलपेंट पहने (एकदम सहज दिखने वाले) आकर रुके, मैंने उनका अभिवादन किया। मैं उनसे कुछ पूछ पाता कि उसके पहले ही उन्होंने मुझसे पूछा– कैसे खड़े हो? मैंने कहा आवेदन करने आया हूँ। उन्होंने कहा मेरे साथ आओ, पूरे कैम्पस का मुआयना करने के बाद प्राचार्य कक्ष पहुँचे, तब प्राचार्य कक्ष खुल गया था (मुझे लगा यही प्राचार्य होंगे) आवेदन पत्र माँगा और बड़े ध्यान से पढ़ने लगे और मेरे गाँव के बारे में जानकारी लेने लगे और बोले एन.सी.सी. वाले हो। फिर चपरासी को बोले नाग बाबू आ गये हैं तो उन्हें भेजो। नाग बाबू को आवेदन देते हुए बोले–इसको साक्षात्कार में जरूर बुलाइये। मैंने प्रणाम किया और चलने की इजाजत माँगी तो उन्होंने कहा साक्षात्कार में जरूर आना तभी मुझे लगा शायद मेरा चयन इस महाविद्यालय में हो जायेगा, और हो भी गया।

13 अगस्त 1983 को प्रातः 11.30 बजे साक्षात्कार हुआ तब चयन समिति में श्रद्धेय पं. रामनारायण शुक्ल जी के अलावा दो विषय विशेषज्ञ, पं. रमाकांत मिश्र, पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी भी थे। छत्तीसगढ़ी में ज्यादा प्रश्न पूछे गये सबसे ज्यादा प्रश्न पं. रामनारायण शुक्ल जी ने ही पूछे और अंत में कहा बहुत बढ़िया। जब मैं बाहर निकलकर खड़ा था तब वे मेरे पास आकर धीरे से बोले तुम्हारा चयन कर रहे हैं। चार–पाँच दिन बाद आ जाना। मैं 18 अगस्त को महाविद्यालय आ गया। मुझे नियुक्ति पत्र दिया गया और तब से मैं कार्यभार ग्रहण कर उनका स्नेह पात्र बनकर प्रगति करते आ रहा हूँ।



17.

# छत्तीसगढ़ी साहित्य का गौरव : प्रो. पं. रामनारायण शुक्ल

डॉ. एम.एस. तम्बोली

प्रो. पं.रामनारायण शुक्ल जी छत्तीसगढ़ी साहित्य के गौरव थे। प्रो.शुक्ल जी का व्यक्तित्व आकर्षण और संतुलित तो था ही बल्कि एक प्रभावपूर्ण प्रभावमण्डल भी उनके साथ–साथ चलते रहता था। इसलिए वे जहाँ कहीं भी जाते उनके साथ–साथ चलने वाले लोग भी सम्मानित होते थे।

महाविद्यालय के प्रारंभिक काल में शुक्ल जी का उत्साह, लगन और समर्पणशीलता देखते बनती थी जिस तरह कोई माँ अपने नवजात शिशु की देखभाल करती है, उसे पालती है, उसी मातृत्व भाव से शुक्ल जी इस महाविद्यालय का पालन–पोषण कर रहे थे। महाविद्यालय की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए उन्होने एक ईनामी योजना चलाई थी, लाटरी टिकट बेचने के लिए सब द्वार याचक बनकर घूमते थे और उससे जो उपलब्धि होती थी वेतन प्राप्त करते थे। महाविद्यालय की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। महाविद्यालय के प्राचार्य का दायित्व तो वे संभाल ही रहे थे, अवकाश के जो क्षण होते थे प्रायः भोपाल के चक्कर लगाने में नष्ट होते थे। नये–नये आकर्षक एवं उपयोगी विषयों को स्वीकृत कराकर लाना, उनके अध्यापन के लिए प्राध्यापकों की व्यवस्था करना, इसके सिवाय दुनिया भर की शासकीय औपचारिकतायें पूरी करना यह भी शुक्ल जी के बलबूते के ही बात थी। पूरी समर्पणशीलता से उन्होने इस महाविद्यालय को सजाया संवारा।

शून्य से प्रारंभ होने वाले इस महाविद्यालय के पास आज करोड़ों की संपदा है। विप्र महाविद्यालय आज वट वृक्ष का रूप ले चुका है। इस पौधे रूपी महाविद्यालय को वट वृक्ष का रूप लेते देख प्रो.शुक्ल आनंद से झूम उठते थे। विस्तार निरंतर जारी है। कहाँ तक विस्तार देंगे सोच–समझ पाना संभव नहीं है। विधि महाविद्यालय एवं बी.एड महाविद्यालय अपने पैर पर खड़ा हो गया है। इस प्रकार की सोच, इस प्रकार की योजनाओं को अंजाम केवल शुक्ल जी ही दे सकते हैं दूसरों के बरा की बात नहीं है। एक संस्था शून्य से प्रारंभ होती है और वह देखते–देखते वृक्ष का रूप ले लेती है। हम सब कार्यो को अंजाम देते हुए आंखों से देखे हैं। प्रारंभ में मैं सोचता हूँ यह योजना कैसे संभव होगी बाद में साकार होते हुए देख आश्चर्यचकित हो जाता हूँ। खुशी रो गदगद हो जाता हूँ। एक नन्हें से पौधे को जब माली प्यार और दुलार के साथ रोपता है, बड़े

18.

# सुकुल जी ल समर्पित

डॉ. सुषमा शर्मा

"तुलसी गांव म जनम लेके, बन गइन सिक्छाविद् शुक्ल जी।
संगी तुँ बड़ मयारूक पाया, नाव रहिस चतुर्वेदी जी।
द्वारिका परसाद विप्र कालेज के तुँ कर दिया उत्थान जी।
तभे तुंहर संगवारी कहयं, कमाल कर दिया सुकुल जी।
भारतेन्दु साहित्य समिति के बनेवं तुं मन जब ले अध्यक्छ जी।
जमो नवा जुन्ना कवि मन ला मंच मिलिस बेझिझक जी।
गांव नवापारा 'भकुर्रा' के घलो, करेवं तुं सिरतोन कल्यान जी।
का गांव का सहर के तुमन, जमो के बन गया तारनहार जी।
अपन घर, परिवार सबो बर, अबड़ करे हावा काम जी।
सबो भाई अउ बहिनी ला, पढ़ा लिखा के कर दिया उंकर कल्यान जी।
सिक्छा, साहित्य अउ समाज सेवा बर, अबड़ दिया अपन योगदान जी।

बनिस व्यक्तित्व तुंहर, बहुआयामी अउ विख्यात जी।
कत्तानों स्कूल, कॉलेज के तुंहिच बने रहा प्राचार्य जी।
तुंहर सही कर्मठ अउ मिलनसार मनखे, नइ जनमयं दुनिया म बारम्बार जी।
राम अउ श्याम के जोड़ी तुंहर, रहिस बहुतेच विख्यात जी।
त्रिमूर्ति तुंमन छत्तीसगढ़ी म, कर दिया कमाल जी।
विभूति रहिन, पद्मश्री श्यामलाल चतुर्वेदी जी,
रमाकांत मिश्र अउ रामनारायण सुकुल जी।
सिक्छक ले प्राचार्य बनेव, फेर बनेवं अध्यक्छ जी,
साहित्य जगत ल रोसन करेव, नाव कमाया अबड़ सुकुल जी।
सरसती दाई के वरद तुंहला, परनाम करौं बारम्बार जी।
तुंहर उपकार हमर उपर अउ हमरो ले होवय उपकार जी।"

सहा. प्राध्यापक समाजशास्त्र
डी.पी. विप्र महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)



20.

# पंडित रामनारायण शुक्ल : मेरी दृष्टि

डॉ. संजय कुमार तिवारी

श्रद्धेय प्रो. रामनारायण शुक्ल जी से मेरी पहली मुलाकात मई 1996 में हुयी थी। उस समय मैं डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में व्याख्याता के पद पर कार्यरत था व डी.पी. विप्र महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी के अनुदानित पद हेतु साक्षात्कार देने बिलासपुर आया हुआ था। हमारे एक रिश्तेदार स्वर्गीय डॉ. एस.एन. शुक्ला मसानगंज में रहते थे। उन्हें मेरे साक्षात्कार की जानकारी लगी तो वो मुझे एक दिन पहले पं. रामनारायण शुक्ल जी से मिलवाने विद्यानगर ले गये। डॉ. एस.एन. शुक्ला जी ने मेरा परिचय कराया मैनें आर.एन. शुक्ला सर का चरण स्पर्श किया। शुक्ल सर ने कहा कि हमें एक अच्छा पुरुष केंडीडेट चाहिये जो रात–बिरात भी काम कर सके। आप एम.फिल. भी हो ये बात आपके हक में है। बाकी सब इंटरव्यू पर निर्भर करता है। आप अच्छे से इंटरव्यू दो। उसके बाद हम लौट गये। यह मेरी आदरणीय शुक्ल सर से पहली मुलाकात थी।

1996–97 में मेरा भाग्य प्रबल था। जहाँ भी मैं प्रयास कर रहा था, सफलता मिल रही थी। मार्च 1997 में मुझे डी.पी.विप्र महा. का नियुक्ति पत्र मिल गया। ज्वाइनिंग के लिये दो महिने का समय दिया गया था। 8 मई 1997 को मैं विप्र महाविद्यालय में ज्वाइन करने बिलासपुर आया। पहले शुक्ल जी से मिलने मिठाई लेकर उनके निवास पर गया। बहुत हर्षित हुये खूब आर्शीवाद दिया कहने लगे, "तिवारी जी आपको खूब मेहनत करना है। अंग्रेजी विभाग को स्थापित करना है। एम.ए. की कक्षायें प्रांरभ करवाना है। आप इंग्लिश एसोशियेशन का गठन करिये उसमें विद्वानों को बुलाकर उनके व्याख्यान करवाइये। पी.एच.डी. करिये।"

मैं उत्साह से भरा हुआ नया रंगरूट था। मुझे लाईन ऑफ एक्शन मिल गया। मैंने श्री शुक्ल जी के आदेश का अक्षरशः पालन किया। परिणामस्वरूप 1998 में इंग्लिश एसोसियेशन का गठन हो गया, व्याख्यान प्रांरभ हो गये। 1999 से विप्र महाविद्यालय में अंग्रेजी में स्नातकोत्तर कक्षायें प्रांरभ हो गयी। 1999 में ही मुझे पी.एच.डी. की डिग्री अवार्ड हो गयी। जहाँ अन्य विषयों के एम.ए. में सीटे रिक्त रह जाती थी वहाँ एम.ए. अंग्रेजी में पूरी सीटें भरने लगी।



# 23.

# स्व. प्रो. रामनारायण शुक्ल : व्यक्तित्व एवं कृतित्व

**डॉ. (श्रीमती) साधना सोम**

अनेक संस्थाओं के संस्थापक स्व. प्रो. रामनारायण शुक्ल जी एक सहज सरल एवं व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। उन्होंने सर्वप्रथम लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय (अब शासनाधीन) खरौद की स्थापना की एवं उसके प्राचार्य रहे। वर्ष 1969 में रात्रि महाविद्याल जो बाद में स्नातक महाविद्यालय एवं अब डी.पी. विप्र महाविद्यालय के नाम से अंचल में प्रतिष्ठित महाविद्यालय है, इसकी स्थापना की वे लगभग 20 वर्षों तक इस महाविद्यालय के प्राचार्य रहे। उनके अथक प्रयास से केवल कला संकाय वाला महाविद्यालय जहाँ पर गिनती के छात्र थे वहाँ आज कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में लगभग चार हजार से ज्यादा छात्र छात्राएँ अध्ययन करते हैं। इसका स्वयं का बहुमंजिला भवन है जहाँ सभी सुविधाएँ उपलबध हैं। निश्चित ही इसका श्रेय स्व. रामनारायण शुक्ल जी को है।

इसी महाविद्यालय में वर्ष 1979–80 में मैंने बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया एवं 1983–84 तक अध्ययन करते हुए, एम.ए. समाजशास्त्र की प्रथम बैच में प्रथम श्रेणी (प्राविण्य सूची में प्रथम) में परीक्षा उत्तीर्ण की और उनके ही आशीर्वाद से अगस्त 1984 में सहायक प्राध्यापक नियुक्त होकर आज तक यहाँ कार्यरत हूँ।

मैंने उनको प्राचार्य के रूप में एवं बाद में अध्यक्ष (प्रशासन समिति) के रूप में लम्बे समय तक देखा है। वे एक सुलझे हुए प्रशासक थे, किसी भी बात को ध्यान से सुनकर उसका निराकरण करते थे। उनके विनम्र स्वभाव एवं व्यवहार के कारण उनके विरोधी भी उनके सामने झुकते थे। उनके कार्यालय में जाने पर वे स्वयं पहले "आइये आइये" कहते थे। महाविद्यालय परिवार के किसी भी सदस्य के हर दुःख–सुख में वे सहभागी होते थे। यह उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी। महाविद्यालय का कोई भी प्राध्यापक एवं कर्मचारी यदि अपनी शैक्षणिक उपलब्धि में वृध्दि करता था या एम.फिल. या पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त करता था तो वे स्वयं महाविद्यालय की ओर से उसका सम्मान कर उत्साह वर्धन करते थे।



24.

# शिक्षा के प्रचारक पं. रामनारायण शुक्ल-एक अलौकिक चुम्बकीय व्यक्तित्व

**डॉ. विवेक अंबलकर**

**परम श्रद्धेय अलौकिक व्यक्तित्व के धनी पं. रामनारायण शुक्ल जी के चरणों में**

*आदर एवं अश्रुपूरित पुष्प गुच्छ कविता स्वरूप में सादर समर्पित है।*

*शब्दों मे क्षमता नहीं आपके बारे में कुछ लिख सकूँ*
*फूलों में इतनी खुशबू नहीं, जो आप पर अर्पित कर सकूँ*
*वाणी में इतनी शक्ति नहीं आपको गुणगान समर्पित कर सकूँ,*
*मुझमें इतनी गहराई नहीं आपके व्यक्तित्व में समा सकूँ*
*आपकी स्मृति का हर एक पल शब्दों को लहर बनाता है,*
*समुद्र सा विशाल आपका व्यक्तित्व विराट बन जाता है।*
*खुशी मिले या गम जिन्दगी में हर कदम बढ़ाते जाना,*
*अंधेरी राह व सूने पथ से हर राही को उजाले पर लाना*
*संघर्षों की कड़ी शोहरत, आती जाती भँवर को किनारे लाना*
*शांत भवन में टिकना नहीं ज्ञान के दीपक को हर कोने में जलाना,*
*यही वह चुम्बकीय व्यक्तित्व है, जो सदा आकर्षण पैदा करता है।*
*अपने कृत्यों, कर्मों का अद्‌भुत ताना .बाना बुनता है*
*शत्–शत् नमन करता हूँ मैं, कोटिशः वंदन जग करता है,*
*तेरी कृपा से ही संभव विद्या का यह अनमोल मंदिर जगमग करता है,*
*तेरी ही रचना हैं हम, तेरे मान सम्मान को अलौकित करता है,*
*हे हिंदी के विद्वत तेरी महत्ता से ग्रंथों का ज्ञान सहजता है,*
*तेरी हर कामयाबी से, जीवन औरों का सँभलता है,*
*तेरे वृहद दृष्टिकोण को, आज जग वंदन करता है,*
*तेरे चरणों में समर्पित, शब्दों की महिमा कहता है,*
*श्रद्धा के सुमन हम शीश चढ़ाते हैं, नमन–नमन वंदन, हम पुष्प चढ़ाते हैं*
*ज्ञान व शिक्षा पुजारी को हम संत महान कहते हैं*
*शिक्षा के अविरल प्रवाह को हम मंदिर बनाते हैं*



# 28.

# शिक्षा और साहित्य के प्रहरी- प्रो. रामनारायण शुक्ल

**डॉ. तरु तिवारी**

4 मई 2017 को शिक्षाविद्, भारतेन्दु साहित्य समिति के अध्यक्ष प्रो. रामनारायण शुक्ल जी का निधन हुआ था, जो न केवल बिलासपुर अंचल अपितु सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य और साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। श्री शुक्ल जी का जन्म 30 मई 1928 को जांजगीर चांपा जिला अन्तर्गत नवागढ़ तहसील के ग्राम तुलसी में प्रतिष्ठित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। आपके पिता का नाम द्वारिका प्रसाद शुक्ल था, जो सामान्य कृषक थे और माता का नाम जानकी देवी था। आपकी प्रारंभिक शिक्षा निकट के ग्राम उदयभाठा में, माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा बिलासपुर नगर में पूर्ण हुई। आपने नागपुर विश्वविद्यालय से सन् 1951 में बी.ए. और सागर वि.वि. से हिंदी साहित्य में एम.ए. किया। सन् 1951 में बी.ए. पास करने के पश्चात् छत्तीसगढ़ माध्यमिक शाला बिलासपुर में शिक्षक हो गए। सन् 1960 में आप एस.बी.आर. महाविद्यालय बिलासपुर में व्याख्याता के पद पर नियुक्त हुए। इसके बाद आपने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में आपने कभी न मिटने वाला उत्कृष्ट कार्य करके इतनी बड़ी लकीर खींची है, जो हम सबको प्रेरणा देती है।

थोड़े ही दिनों बाद आप व्याख्याता के पद से मुंगेली में स्वर्गीय आनंदी लाल पाण्डेय द्वारा स्थापित एस.एन.जी. कॉलेज के प्राचार्य बन गए। फिर लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद के प्राचार्य रहे। यहाँ रहते हुए ही आपके मन में यह लालसा जागी कि क्यों न ग्रामीण क्षेत्र की जगह बिलासपुर में एक महाविद्यालय स्थापित किया जाए। पूर्व मंत्री स्व. पं. रामेश्वर प्रसाद शर्मा, दानवीर स्व. अमरनाथ साव, साहित्य मनीषी स्व. पं. द्वारिका प्रसाद तिवारी "विप्र", विख्यात अधिवक्ता स्व. एम.एस.डी. शर्मा के साथ मिलकर और सामाजिक सहयोग से आपने किराये के भवन में सरकण्डा बिलासपुर में रात्रिकालीन महाविद्यालय की स्थापना की, जो आगे चलकर स्नातक महाविद्यालय के नाम



31.

# पंडित रामनारायण शुक्ल- एक व्यक्तित्व

डॉ. रेणु नायर

मुझे आज एक भारतीय शिक्षक, लेखक, समाजसेवी, साहित्यकार और डी. पी. विप्र महाविद्यालय में सन् 1982 से कुशल प्रशासक के रूप में कार्य करने वाले पंडित रामनारायण शुक्ल जी के जीवन साथ बिताए चंद लम्हों को बताते हुए हर्ष का अनुभव कर रही हूँ। आपकी पहचान हमेशा हिंदी के प्रखर शिक्षक एवं उच्चकोटि के लेखक के रूप रही है। आपकी भावनाएँ समाज के सभी वर्गों के लिए समान रही, अतः आपको समाज सेवी के रूप में जाना जाता है, क्योंकि आप सभी के दुःख व सुख में सदैव शामिल रहते थे। आपका जीवन अत्यन्त सादगीपूर्ण रहा तथा आप अत्यन्त सरल, सौम्य, मृदुभाषी एवं व्यक्तियों की परख करने वाले व्यक्तित्व के धनी थे।

मैंने डी.पी. विप्र महाविद्यालय में 03 अगस्त 1998 में अपनी सेवा प्रारंभ किया तथा आपको हमेशा एक गुणी शिक्षक व कुशल प्रशासक के रूप में ही देखा। इस बीच मैंने जाना कि दस बच्चों से रात्रिकालीन प्रारंभ होने वाला (स्नातक महाविद्यालय) डी.पी. विप्र महाविद्यालय के जनक आप ही हैं, जिसमें लगभग पाँच हजार छात्र एवं छात्राएँ अध्ययनरत् हैं। इसके साथ–साथ डी.पी. विप्र शिक्षा महाविद्यालय, विधि महाविद्यालय एवं डी.पी. विप्र शिक्षण महाविद्यालय तथा नवापारा में स्थापित उच्चतर माध्यमिक शाला की स्थापना आपके द्वारा ही की गई है।

आत्म अनुशासन एवं दैनिक जीवन में नियमानुसार जीवन आपकी दिनचर्या में था। आपका व्यक्तित्व बहुत प्रभावशाली था, आप सन् 1982 से भारतेन्दु साहित्य समिति के अध्यक्ष रहे, तथा आपके पास लेखक के रूप में स्वान्तः सुखाय एवं मेरी अमेरिका यात्रा किताबों का संग्रह है। आप बोलते थे अच्छी किताबें पास होने पर हमें अच्छे मित्रों की कमी नहीं लगती। वरन् मैं जितना पुस्तकों का अध्ययन करता हूँ, उतनी ही वे मुझे उपयोगी मालूम होती हैं।

आपने अपने उद्‌बोधन में कभी कहा था कि जीवन व समाज व्यक्ति के समूह से ही बना है, उन्हें संचालित करने वाला होता है, व्यक्ति एवं उनका व्यवहार। जिस समाज के व्यक्ति, चारित्रिक एवं नैतिक दृष्टि से अच्छे होते हैं,



33.

# नींव का पत्थर

डॉ. सुरुचि मिश्रा

मन को अपनी ओर खीचने वाली इमारतों को देखते समय हमारा ध्यान केवल उसकी बनावट की सुंदरता पर जाती है। शायद ही किसी ने कभी इसकी नींव पर विचार किया हो। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आज महाविद्यालय अपने विद्या के इस अधिष्ठान के नीव की ओर निहारने जा रहा है। हम सभी जानते हैं, कि निहारना, देखना, ताकना, अवलोकना, घूरना ये सब देखने के ही प्रभाव हैं। परन्तु मैंने नींव के संदर्भ से निहारने शब्द का प्रयोग किया है। यह निहारना क्रिया किसी वस्तु, स्थान अथवा रूप को अपलक देखने के संदर्भ में की जाती है। इस संदर्भ में मेरा ध्यान "रामचरितमानस" की ओर जा रहा है, जहाँ सीता ने राम के प्रथम दर्शन की छवि का वर्णन करते हुए कहा है–

**'राम का रूप निहारत जानकी, कंकन के नग की परछाहीं।'**

और उसी प्रकार प्रयोग माखनलाल चतुर्वेदी ने किया है– 'जब वे रूप निहार लिए, तब देखा क्या–क्या, अनदेखा क्या।' इन दोनों संदर्भों में हम अपने मूल विषय को देखें तो हमें उसके सही–सही स्रोतों का ज्ञान हो उठता है। इस महाविद्यालय के नींव की ईंट की भाँति थे पं. रामनारायण शुक्ल। ऐसा मैं इसलिए कह रही हूँ, क्योंकि आज महाविद्यालय अपने सभी संकायों में जिस ऊँचाई पर है, उसके मूल में उनका अपूर्व योगदान है। क्रिया से अधिक महत्व, क्रिया को गति–मति देने वालों की होती है। इसी रूप में उन्होंने महाविद्यालय का विस्तार किया। शुक्ल जी ने, कला संकाय और वह भी हिंदी के अध्यापक होने के बावजूद भी सभी दिशाओं में महाविद्यालय को आगे ले जाने की जो योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया, उसी का सुफल आज हम सभी देख रहे हैं। महाविद्यालय की प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को कैसे बढ़ाना है, कैसे समय के साथ लेकर चलना है और कैसे समय के मापदंडों के साथ उन्हें विकसित करना है। इस सबकी एक विस्तृत रूपरेखा उन्होंने जो अपने समय में दी थी, वही आज इस महाविद्यालय की आधार बनी हुयी है। उनकी सहृयता, कल्पनाशीलता, स्पष्टवादिता, सबको साथ लेकर चलने का भाव आज महाविद्यालय की स्मृतियों का विषय बना हुआ है। उनके समय के



34.

# श्री रामनारायण शुक्ल जी 'महाविद्यालय के आधार स्तम्भ'

**डॉ. आर.एन. यादव**

कहा जाता है कि, "मन के हारे हार है, मन के जीते जीत, जैसे लोकोक्ति को चरितार्थ करते हुए शुक्ल जी का योगदान मन की जीत से प्रारंभ होते हुए, स्नातक महाविद्यालय के आधार स्तम्भ के रूप में पल्लवित हुई। यह महाविद्यालय 1969 में रात्रिकालीन महाविद्यालय से प्रारंभ होकर एक वट वृक्ष की तरह जड़ जमाये रखा है। जिसमें आज अन्य शाखाओं को जैसे विधि महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय एवं उनके गाँव नवापारा में स्थापित हाईस्कूल इसका जीता जागता एक उदाहरण है जो कि उच्च शिक्षा विभाग व स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने में अग्रणी है।

मुझे शुक्ल जी से मिलने व उनके अंदर में काम करने का सौभाग्य दिसम्बर 1988 में महाविद्यालय के भूगोल विभाग में प्रो. वी.के. पटेल सर जी के शिक्षक फेलोसिफ में जाने के कारण खाली पद पर मेरी नियुक्ति सहायक प्राध्यापक भूगोल के पद पर हुई, तब से प्रत्यक्ष रूप से जानता हूँ।

आप एक कुशल शिक्षक, साहित्यकार, कवि, प्रशासक व अदम्य साहस के धनी थे। किसी भी परिस्थियों से संघर्ष करने अद्‌भुत शक्ति के बल पर दृढ़ विश्वास के साथ संकल्पनाशीलता के पक्षधर थे। वे कहते थे कि जिन मानव के विचारों में दृढ़ इच्छाशक्ति से सम्पन्न व्यक्ति जिस समाज में होंगे, वह समाज भी ऊँचाईयों के साथ आगे बढ़ेगा, ऐसी परिकल्पनाओं को अपने जीवन में उतारते रहे।

मुझे याद है कि कई बार उनके साथ, उनके गाँव नवापारा जाने का अवसर भी मिला है, गाँव के रास्ते में ही उनका फार्म हाऊस है, वहाँ घूमते हुए काम करने वालों को सलाह देकर घर पहुँचते थे, घर पहुँचकर घरेलू कार्य का अवलोकन कर दिशा–निर्देश के साथ पुनः बिलासपुर आते थे। ऐसे सफल मनोबल के धनी, संस्कारो की दृढ़ता, संकल्पना, सफल शिक्षाविद को हम लोग प्राचार्य व प्रशासक के रूप में पाकर सुखद अनुभव करते रहे। लेकिन समकालीन



35.

# पुस्तकालय विकास में पं. रामनारायण शुक्ल का योगदान

श्री शैलेन्द्र कुमार तिवारी

डी.पी. विप्र महाविद्यालय की स्थापना विकास संचालन एवं इस कालेज का आज विशाल स्वरूप पं.रामनारायण शुक्ल जी के अथक प्रयास मेहनत और त्याग का परिणाम है शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में पं. रामनारायण शुक्ल जी की अलग पहचान है उन्होंने शिक्षा के विकास के लिए कई शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना वं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। बिलासपुर शहर में डी.पी. विप्र महाविद्यालय पुराना हाईकोट रोड, डी.पी.विप्र. विधि महाविद्यालय अशोकनगर एवं डी.पी.विप्र.शिक्षा महाविद्यालय बिरकोना आज विशालकाय बरगद के वृक्ष की तरह छत्तीसगढ़ में शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

पं. रामनारायण शुक्ल छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकारों में से हैं। डी. पी. विप्र.महाविद्यालय में हिंदी के सहायक प्राध्यापक पद पर कार्य करते हुए कई पुस्तकें उन्होंने लिखी। हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। हिंदी के साहित्यकार होने के नाते उन्होंने देश भर के कई साहित्यकारों के सम्पर्क में रहे और उनकी रचनाओं का भरपूर मात्रा में एकत्रीकरण किया।

पं. रामनारायण शुक्ल ने डी.पी. विप्र. महाविद्यालय के विकास के साथ–साथ महाविद्यालय के ग्रंथालय को व्यवस्थित करने एवं साहित्यिक ग्रंथ एकत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महज कुछ पुस्तकें से संचालित ग्रंथालय को विशाल रूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण दिलचस्पी दिखाते हुए पर्याप्त मात्रा में पुस्तक ग्रंथ साहितियक ग्रंथ,शोधग्रंथ, शोध पत्रिका का क्रय करके ग्रंथालय का विशाल रूप प्रदान किया। उनकी व्यक्तिगत रूचि एवं साहित्य के प्रति लगाव के चलते डी.पी. विप्र. महाविद्यालय के ग्रंथालय में गुरूघासीदास वि.वि. एवं बिलासपुर वि.वि. में हिंदी साहित्यक ग्रंथ, नाटक, कहानी, उपन्यास को विशालकाय संग्रहण के कारण महाविद्यालय में सबसे अधिक हिंदी साहित्य की पुस्तकें उपलब्ध है। यही कारण है कि आज हिंदी साहित्य के शोध छात्राओं के लिए



36.

# श्री रामनारायण शुक्ल जी की स्मृति में

**प्रो. स्नेहलता मिश्रा**

पंडित श्री रामनारायण शुक्ल जी बिलासपुर शहर के जाने माने व्यक्ति थे। वे बहुत ही सहज, सरल, कुशलवक्ता, साहित्यकार एवं विशेष रूप से हिंदी भाषा के निपुण जानकार थे। उनकी छवि शहर व समाज के सभी वर्गों में एक सौम्य, दानदाता व लोगों के सुख–दुःख में सदैव अग्रणी होकर कार्य करने वालों में रही है। पं. श्री शुक्ल जी ने शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना विशेष योगदान दिया है। बिलासपुर शहर में स्थित डी.पी. विप्र महाविद्यालय को अपनी मेहनत, लगन व सूझबूझ से संचालन कर जिले के एक अग्रणी महाविद्यालय के रूप में स्थापित करने में उनका विशेष योगदान रहा है।

पं. श्री शुक्ल जी के साथ मेरी कुछ अविस्मरणीय स्मृतियाँ रही हैं, उसे मैं यहाँ साझा कर रही हूँ। मेरा सौभाग्य रहा है कि मैंने उनके कार्यकाल में कार्य किया है। वे मेरे पिताजी स्व.श्री जे.पी. द्विवेदी जी के मित्र थे। एक बार की मुलाकात में उन्होंने मेरे पिताजी को बताया था कि हमारे महाविद्यालय में गणित विभाग में स्थान रिक्त है। उन्हीं के सुझाव से सन् 1999 में मैंने डी.पी. विप्र महाविद्यालय में अतिथि प्राध्यापक गणित के लिए आवेदन दिया तथा साक्षात्कार में मेरा चयन हुआ। उनके आशीर्वाद से ही सन् 2003 में धारा–28 में सहायक प्राध्यापक के रूप में पुनः मेरा चयन हुआ। वे जब भी महाविद्यालय आते थे, हमेशा विभाग की जरूरतों एवं हम प्राध्यापकों का हालचाल लेते रहते थे एवं हर संभव मदद करते थे।

पं. श्री शुक्ल जी ने मेरे विवाह के अवसर पर पधारकर हमें अपना आशीर्वाद दिया था। मुझे भी एक बार उनके पैतृक ग्राम नवापारा जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था, जहाँ पर एक कार्यक्रम में उन्होंने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों को आमंत्रित किया था।

पं. श्री शुक्ल जी का एक जनहित कार्य यह भी रहा है कि उन्होंने हम प्राध्यापकों, कर्मचारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम मूल्य पर हमें आवासीय भूमि उपलब्ध करायी थी। वे हमेशा हम प्राध्यापकों, कर्मचारियों के भविष्य के लिए चिंतित रहते थे और हर कठिन परिस्थितियों में खुश रहकर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते थे।



38.

# डॉ. रामनारायण शुक्ल सर से जुड़ी स्मृतियाँ

डॉ. ऊर्जा रंजन सिन्हा

मुझे डॉ. रामनारायण शुक्ल सर के बारे में पहली बार तब पता चला जब मैं इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से वर्ष 1994 में एम.ए. अंग्रेजी उत्तीर्ण करने के बाद बिलासपुर आई। उस समय मेरे पिता जी शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर के प्राचार्य थे। उस समय यहाँ डी. पी. विप्र महाविद्यालय में मैडम डोराई राज, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष थीं। 1994 में ही श्री रामनारायण शुक्ल सर ने मैडम के माध्यम से मुझे इस महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर मेरी नियुक्ति की पेशकश की थी। फिर बाद में सर ने खुद भी मेरे पिताजी से कहा। पर मेरे पिताजी को पहले मेरे एम. फिल कर लेने पर ही अध्यापन की बात उचित लगी। तो मैंने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में एम.फिल. अंग्रेजी में प्रवेश ले लिया। वहाँ एम.फिल. में प्रथम आने पर जब डोराई राज मैडम को पता चला तो उन्होंने मुझे अपने घर बुलवाकर, सर के विचारों से अवगत कराया और एक बार पुनः महाविद्यालय में अपना पदभार ग्रहण करने को कहा। उस वक्त तक मुझे सर के बारे में बहुत ज्यादा कुछ पता इसलिए नहीं था, क्योंकि मेरी सारी शिक्षा इंदौर ही से हुई थी और मैं बिलासपुर में एक तरह से नई थी। हालाँकि गर्मी की छुट्टियों में मैं सपरिवार मुंगेली, अपने पैतृक घर हर साल जरूर जाती थी, क्योंकि वहीं मेरे बाबा (दादाजी) रहा करते थे।

जब दो बार मुझे इस महाविद्यालय से ज्वाइन करने की पेशकश हुई थी तो मेरे मन में भी प्रो. रामनारायण शुक्ल सर के बारे में जानने की जिज्ञासा हुई। मुझे अपने पिताजी से ही उनके बारे में बहुत सी बातें ज्ञात हुईं। पहला तो ये कि वे एक अच्छे शिक्षाविद् और साहित्यकार थे और उस वक्त अध्यक्ष, प्रशासन समिति, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, थे और दूसरा ये कि वे मेरे बाबा (दादाजी) श्री शिवशंकर सहाय वर्मा से मिलने मुंगेली जाया करते थे। क्योंकि बाबा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे और अखिल भारतीय कांग्रेस की कार्यकारिणी के सदस्य भी थे। वे श्री शरदचंद्र बोस के अंग्रेजी अखबार "फारवर्ड" (कलकत्ता) और श्री जवाहर लाल नेहरू के अखबार "नेशनल हेरल्ड" (लखनऊ) के सम्पादक भी रह चुके थे। हमारे परिवार से निकटता का एक कारण यह भी था कि मेरे पिता जी डॉ. वीरेंद्र कुमार वर्मा और मेरे दो ताऊ जी श्री श्रीकांत वर्मा और श्री प्रमोद वर्मा शिक्षा और साहित्य से जुड़े थे।



39.

# स्मृति पटल में– पं. रामनारायण शुक्ल

डॉ. (श्रीमती) सुनीता यादव

स्व. शुक्ल जी किसी परिचय के मोहताज नहीं रहे। महाविद्यालय में मेरी नियुक्ति के समय वे शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं भारतेन्दु साहित्य समिति के मुख्य आधार स्तंभ थे।

महाविद्यालय में नियुक्ति के कुछ दिन बाद महाविद्यालयीन परिवार के अनेक सदस्यों की भाँति मैंने भी भारतेन्दू साहित्य समिति की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। वहाँ मुझे भारतेन्दु साहित्य समिति के कार्यक्रमों में भाग लेने का पर्याप्त अवसर मिला। भारतेन्दु साहित्य समिति के रतनपुर, बिलासपुर बलौदा और नवापारा के आयोजनों में मुझे शुक्ल जी की संगठन क्षमता व उनके विचारों को सुनने और समझने देखने का अवसर मिला। वहीं व्यक्तिगत तौर पर साहित्य के प्रति मेरी रुचि में भी वृद्धि हुई।

मुझे ऐसा लगता है कि संस्मरण लिखते समय कभी स्मृति में एक बार में बहुत कुछ आ जाता है वहीं अनेक बार चार पंक्ति भी लिखना कठिन हो जाता है। अपने संस्मरण को तीन घटनाओं की चर्चा में समेटने का प्रयास करूंगी।

**पहली घटना**– 1996 में मेरे पिताजी डॉ. कालीचरण यादव जी अपोलो अस्पताल मद्रास से 'बाईपास' सर्जरी के बाद शुक्ल जी हमारे घर आये। हमारा परिवार आश्चर्य के साथ असमंजस में पड़ गया, पूरा घर अस्त व्यस्त था। अस्पताल से आये कपड़े धोने के लिए आँगन के एक किनारे पर पड़ा हुआ था। हमारी मनोदशा देखकर शुक्ल जी ने बतलाया कि उन्हें पड़ोस में शिवप्रताप साव जी के घर पता चला कि हार्ट के आपरेशन के बाद कालीचरण घर आ गये हैं पास में ही होने के कारण मैं मिलने आ गया हूँ। आप लोग परेशान न हों। हमने आदरपूर्वक उन्हें अपने पिता के नजदीक बैठाया पिताजी ने सर को प्रणाम किया और आश्चर्य करते हुए जानना चाहा कि उन्हें हमारे आने की जानकारी कैसे मिली। सर ने शिव प्रताप साव वाली बात बतलाई।

सर की उत्सुकता को देखते हुए हमारे परिवार ने उन्हें हमारे बिलासपुर से मद्रास जाने और इलाज कराकर वापस आने तक की सारी बातें संक्षेप में बतलायीं।

# पं. रामनारायण शुक्ल 'मेरी यादों के झरोखे से'

डॉ. आशुतोष पाण्डेय

मैंने स्नातकोत्तर होने के पश्चात् सर्वप्रथम सर्विस डी.एल.एस. महाविद्यालय से 1999 में प्रारंभ की। उस समय सी.एम.डी. एवं डी.पी. विप्र महाविद्यालय की पहचान उत्कृष्ट शैक्षणिक महाविद्यालय के रूप में होती थी। जब सन् 2003 में कोड 28 के तहत् सहायक प्राध्यापक पदों के चयन हेतु डी.पी. विप्र महाविद्यालय विज्ञापन आया तो मैं भी उसमें आवेदन किया साथ ही मेरे दादा जी से इसका जिक्र किया तो प. रामनारायण शुक्ल जी से पुराने मित्रवत् परिचय होने के कारण वे मुझे अपने साथ उनके घर लेकर गये। बड़े ही सहज, सरल रूप से प. रामनारायण शुक्ल जी से मेरा प्रथम परिचय हुआ और उनके आशीर्वाद स्वरूप मेरी नियुक्ति इस महाविद्यालय में 01.07.2003 को हुई। उनका सरल, सहज व कालेज के प्रति समर्पित भाव मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है। वे हमेशा नित्य कालेज कार, रिक्शा से आ जाते थे। वे हमेशा अध्यापकों से अध्ययन–अध्यापन की चर्चा करते थे। अगर कोई अध्यापक किसी कक्षा में उपस्थित नहीं हो पाया तो स्वयं उस क्लास में जाकर क्लास ले लिया करते थे और कभी–कभी किसी क्लास के पीछे से जाकर अध्ययन–अध्यापन का निरीक्षण करना व प्राध्यापकों को उचित परामर्श देना उनके व्यवहार में शामिल था।

मेरी साहित्य में अभिरुचि व राष्ट्रीय सेवा योजना से लगाव के कारण उस समय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रभाकर दर्शन, डॉ. रामनारायण पटेल व प्रो. प्राचार्य श्री बांके बिहारी शुक्ल के कई कार्यक्रमों में उपस्थित होता था। उनके संपूर्ण व्यवस्था आदि का भार पं. रामनारायण शुक्ल स्वयं करते थे। किसी गाँव में शिविर लगना है इसका अनेक ग्राम पंचायत के द्वारा प. रामनारायण शुक्ल के व्यक्तित्व के चलते बड़े ही सहजता से मिल जाया करता था। शिविर लगने के पूर्व स्वयं शुक्ल जी निरीक्षण करके आते थे ततपश्चात् वे कार्यक्रम संयोजक से चर्चा करके शिविर का आयोजन करवाते थे। सन् 2007–08 में मुझे भी कार्यक्रम अधिकारी का सौभाग्य प्राप्त हुआ तब मेरा प्रथम शिविर ग्राम नेवरा में आयोजित किया गया। उस समय मैं डॉ. प्रभाकर दर्शन के साथ कार में शुक्ल

# 'No' CAN BE ADORABLE

*Dr. Shubhraja Pandey*

Shri Ramnarayan Shukla - A name known for excellence in literature and management skills. To jot down a par excellence skill is a challenge in itself, still with great audacity, reluctantly I am trying to share very small aspect of his personality which in reality tough to practice in deeds.

Inspite of being head of the institute I know him as one of the elderly member of the family. There were many instances in the college which I personally knew it's a "no" during the family gathering. I was just a mute observer. Next day I thought that "A rigid - No" will surface like a rolling ice on hot plate. But my utter surprise it was so swift, that the circumstances in question was so positive, happy and healthy.

Normally, people who are straight forward in their communication, somewhere inside they have a sense of pride that they are having a direct approach towards what they feel. During the course of time we never realize when this fine line of being straight forward and arrogance is diminished. But at the same time it is very much true that we cannot say "YES" for everything demanded. We can never make everyone happy every time. In a nut shell it's a "no" and we don't have the art of saying it.

"NO" can be appreciable, I learned from him. The day I realized, I tried pretty hard to practice in deeds. Now when it's a "no", I take a pause, beautify and then present. May it be my kids, students, colleagues or anybody around me. Showing moon on a platter is not a sin, its beautiful, adorable and respect for a tender heart.

Learning sincerely ...... still I am.

HOD, Microbiology

D.P. Vipra College, Bilaspur (C.G.)

ATTESTED

PRINCIPAL
D.P. VIPRA COLLEGE
BILASPUR (C.G.)



44.

# संतति धरणि धरत सिर रेणू

**श्री लोकेश कुमार वर्मा**

मेरे लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि मै ऐसे महान पुरुष (व्यक्तियों) की विरासत में सफर कर रहा हूँ, जो मेरे महान गुरुओं की कर्मभूमि रही है। अत्यन्त उत्साह व हर्ष का अनुभव होता है कि डी.पी. विप्र महाविद्यालय के स्थापना में महत भूमिका निभाने वाले स्थापना आचार्य हमारे आदि गुरु स्व.पं. रामनारायण शुक्ल जी भी हिंदी साहित्य के ही प्रोफेसर थे। कालान्तर में वे प्राचार्य, प्रशासन समिति के अध्यक्ष साहित्यकार व शिक्षाशास्त्री के रूप में अपनी स्फूर्तिदायक ऊर्जा का परिचय विभिन्न क्षेत्रों में देते रहे। इन्हीं गुरु शिष्य परम्परा में स्व. प्रो. बाके बिहारी शुक्ल, डॉ. प्रभाकर पाण्डेय जी, और डॉ. सुरुचि मिश्रा से विद्या अध्ययन करने के उपरान्त इसी महाविद्यालय में अध्यापन का अवसर मुझे प्राप्त हुआ। साहित्य में गुरु का स्थान ईश्वर से भी आगे रखा गया है। कबीरदास जी कहते है–

**"यह तन विष की बेलरी गुरु अमृत की खान।**
**शीश दिए तो गुरु मिलें तो भी सस्ता जान।।**

शुक्ल जी ऐसे ही महान पथ प्रदर्शक के रूप में पूरे प्रदेश में शिक्षा की अलख जगाकर सम्पूर्ण समाज को नई दिशा, नई चेतना, नई ऊर्जा प्रदान करने वाले हमारे पथ पुरोधा थे। "उपजत अनत अनत छवि लहहीं" स्व. रामनारायण शुक्ल जी का जन्म जांजगीर जिले के तुलसी नामक ग्राम में हुआ था। आपके पिता जी सामन्य कृषक थे। शुक्ल जी ने अपने संघर्ष और संकल्प से अपना भाग्य रचा। कृषक जीवन को न अपनाकर उन्होंने न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त की अपितु पूरे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा की बयार चलाई, वे कई शिक्षण संस्थानों के सृजनकर्ता रहे हैं जिनमें लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद, कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा, डी.पी. विप्र महाविद्यालय (विधि, शिक्षा व सामान्य) बिलासपुर महामाया उच्चतर माध्यमिक शाला पामगढ़ एवं केरा में आपका योगदान चिर स्मरणीय है। अनवरत कर्म की साधना करते हुए गीता के उपदेश को अपने जीवन में ना सिर्फ आपने आत्मसात किया वरन दूसरो के लिए भी प्रेरणा के स्त्रोत रहे।

ATTESTED
PRINCIPAL
D. P. VIPRA COLLEGE
BILASPUR (C.G.)

# भारतीय संस्कृति एवं लोकसाहित्य का समीक्षात्मक अध्ययन




Scanned with CamScanner

# भारतीय संस्कृति एवं लोकसाहित्य
# का
# समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ. अरुण कुमार

समता प्रकाशन
कानपुर (देहात)-209303

Scanned with CamScanner

इस पुस्तक के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक या इसके किसी भी अंश का किसी भी माध्यम से अथवा ज्ञान के संग्रहण एवं पुनर्प्रयोग की प्रणाली द्वारा, किसी भी रूप में, पुनरुत्पादित अथवा संचारित-प्रसारित नहीं किया जा सकता, इसे संक्षिप्त, परिवर्धित कर प्रकाशित करना कानूनी अपराध है।

मूल्य : सात सौ रुपये मात्र

ISBN : 978-81-947189-4-9

पुस्तक : भारतीय संस्कृति एवं लोकसाहित्य का समीक्षात्मक अध्ययन

लेखक : डॉ. अरुण कुमार

प्रकाशक : **समता प्रकाशन**

बजरंग नगर, रूरा- कानपुर (देहात्) 209303

Mob. : 9450139012, 9936565601

ई-मेल : samataprakashanrura@gmail.com

कॉपीराइट © : प्रकाशक

संस्करण : प्रथम, 2021

मूल्य : 700.00 रुपये मात्र

शब्द-सज्जा : रुद्र ग्राफिक्स, हनुमन्त विहार, नौबस्ता, कानपुर-21

आवरण : गौरव शुक्ल, कानपुर-21

मुद्रक : आर्यन डिजिटल प्रेस, नई दिल्ली

---

Bhartiya Sanskriti Evam Lok Sahitya Ka Samikshatmak Adhyayan

by : Dr. Arun Kumar

Price : Rs. Seven hundred Only.

---

Scanned with CamScanner

# अनुक्रम


1. भारतीय संस्कृति 015–058
2. लोक संस्कृति एवं लोकसाहित्य 059–088
3. भारत की उपेक्षित लोक संस्कृतियाँ 089–124
4. भारतीय लोक संस्कृतियों के उत्थान में संतों की भूमिका 125–176
5. भारतीय लोक संस्कृति तथा भारतीय लोकसाहित्य का अन्तः सम्बन्ध 177–230

उपसंहार 231–235

संदर्भ-ग्रंथ-सूची 236–240


Scanned with CamScanner

# 1

# भारतीय संस्कृति

भारतीय संस्कृति में मानव जीवन के समस्त पहलू विद्यमान हैं। यही कारण है कि हमारी भारतीय संस्कृति विश्व की अनेकानेक संस्कृतियों में से सर्वाधिक प्राचीन, उत्कृष्ट एवं सर्वोपरि है। हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषता यह है कि यह अपना स्वरूप न परिवर्तित करती हुई अन्य संस्कृतियों को अपने में आत्मसात् कर लेती है। विश्व की अन्य संस्कृतियों में यह गुण नहीं है। विश्व पटल की अन्य संस्कृतियाँ यदि किसी आगन्तुक संस्कृति को अपने में स्थान देती हैं तो या तो वह स्वयं उसमें समावेशित हो जाती हैं अथवा आगन्तुक संस्कृति का स्वरूप ही समाप्त कर देती हैं।

संस्कृति हमारे देश में प्राचीन समय से ही विद्यमान है। इसके अतिरिक्त अविकसित मनुष्यों की लोक संस्कृति भी हमारे देश में प्रचलन में है 'लोक संस्कृति' के ही अंतर्गत 'लोक साहित्य' का स्थान है। इसे हम इस प्रकार भी कह सकते हैं कि 'लोक संस्कृति' ही 'लोक साहित्य' है। लोक संस्कृति में निम्नलिखित तत्त्वों का समावेश है, पृथ्वी और आकाश, वनस्पति-जगत, पशु जगत, मानव एवं मानव निर्मित वस्तुएँ, आत्मा तथा पुनर्जन्म, देवी-देवता, शकुन-अपकुशन, जादू-टोना, रोग तथा बीमारी आदि। इसी प्रकार लोक साहित्य में निम्नलिखित तत्त्वों का समावेश है- सामाजिक तथा राजनीतिक संस्थाएँ, जीवन के विधि-विधान, व्यवसाय, पेशा तथा उद्योग धन्धे, व्रत-उपवास, पर्व और त्यौहार, मेला-उत्सव, खेलकूद-मनोरंजन, लोककथा, लोकगीत, कहावतें, मुहावरे, सुभाषित, लोकोक्तियाँ तथा पहेलियाँ आदि।

मैं परमपिता परमात्मा के चरण कमलों की वंदना करके पुस्तक सृजन कार्य को प्रारम्भ कर रहा हूँ। परमपिता परमात्मा हमारे इस कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करें, यही मेरी प्रभु से प्रार्थना है।

**''अग्निना रयिमनवत् पोषमेव दिवेदिवे। यशसं वीरमम्।''**[1]

यह मनुष्य (अग्निना एव) अच्छी प्रकार ईश्वर की उपासना और भौतिक अग्नि ही को कलाओं में संयुक्त करने से (दिवे दिवे) प्रतिदिन (पोषम्) आत्मा और शरीर की पुष्टि करने वाला (यशसम्) जो उत्तम कीर्ति का बढ़ाने वाला और (वीरवत्तमम्) जिसको अच्छे-अच्छे विद्वान वा शूरवीर लोग चाहा करते हैं (रयिम्) विद्या और सुवर्णादि उत्तम उस धन को सुगमता से (अश्नवत) प्राप्त होता है।

इस मन्त्र में श्लेषालंकार से दो अर्थों का ग्रहण है। ईश्वर की आज्ञा में रहने तथा शिल्प विधा सम्बन्धित कार्यों की सिद्धि के लिये भौतिक अग्नि को सिद्ध करने वाले

Scanned with CamScanner



## डॉ. अरुण कुमार

जन्मतिथि : 30 जून, 1989

जन्मस्थान : पुत्तीपुरवा, पोस्ट- तिगाईं (रूरा), तहसील- अकबरपुर, जिला-कानपुर (देहात)-209303

माता : श्रीमती ननखी देवी

पिता : श्री रामकृष्ण

शिक्षा : एम.ए., बी.एड, नेट (हिन्दी), पीएच.डी.

रुचि : सामाजिक कार्य, अध्ययन अध्यापन, देशाटन, खेलकूद

सम्प्रति : सहायक प्राध्यापक, हिन्दी-विभाग, अभिनवप्रज्ञा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदौरपुर, चौडगरा, जिला- फतेहपुर (उ.प्र.)

सम्पर्क : 1569/14, नई बस्ती बक्तौरीपुरवा, बृहस्पति मन्दिर, नौबस्ता, कानपुर (उ.प्र.) -208021

ई-मेल : ruraarun@gmail.com

*available on .....* amazon.in flipkart

समता प्रकाशन
(प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेता)
159/1 वार्ड नं. 12, बजरंगनगर, रूरा,
कानपुर देहात-209303
मो. 94501 39012, 99365 65601
E-mail : samataprakashanrura@gmail.com

ISBN 978-81-947189-4-9
9 788194 718949 >
₹700.00

Scanned with CamScanner